Rajkiya Mahavidyalaya Amori(Champawat)

Email: gdcamori@gmail.com Website: www.gdcamori.in

ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम –रिर्पोट–05, दिनांक 23–02–2024

दिनांक 23–02–2024 को महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय में पांचवे दिवस कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षुओं/प्रतिभागियों को अनुशासन, धैर्य व निश्चिन्त होकर कार्य करने जैसे विन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उद्यमी श्री पंकज तिवारी के द्वारा उपस्थिति व अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए प्रशिक्षण कार्य में मत्स्य पालन, मधुमक्खी, व कृषि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। तद्दिनांक के प्रशिक्षक श्री अनूप भण्डारी, श्री खिलानन्द जोशी के द्वारा वर्तमान की बैकिंग योजनाओं व सुविधाओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि बचत/चालू/सावधि/आर्वती जमाओं के साथ ही विविध प्रकार के ऋण की सुविधाएं जो बैंक द्वारा प्रदत्त की जा रही हैं जिसमें शिक्षा ऋण, प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना के तहत सब्सिडाइज्ड ऋण, कृषि तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण, व्यापार ऋण, व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की। वित्तीय समावेशन के तहत लोगों को बैंकिंग से जुड़ने, आनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग की जानकारी देते हुए कुछ बैंक लेन देन सम्बन्धी सावधानियों की भी चर्चा की। प्रशिक्षु देवेन्द्र सिंह नेगी, चांदनी बोहरा, बबिता चौहान, नीमा भट्ट, ओमप्रकाश जोशी ने ऋणों से सम्बन्धित अपनी जिज्ञासाएं भी व्यक्त करते हुए प्रशिक्षको से संवाद किया। प्रशिक्षकों ने उनके प्रश्नों व जिज्ञासाओं का संतोषजनक उत्तर भी दिया। रिर्पोटिंग कार्य में नीमा भट्ट व ओम प्रकाश जोशी, प्रशिक्षण कार्य फोटों वीडियों में प्रशिक्षु देवेन्द्र सिंह नेगी ने सहयोग किया। श्री अतुल कुमार मिश्र फैकल्टी सदस्य देवभूमि उद्यमिता के द्वारा प्रशिक्षुओं का समय समय पर पर्यवेक्षण कार्य किया गया। श्री संजय कुमार गंगवार के द्वारा भी प्रशिक्षण कार्य में अपनी उपस्थिति दी गयी। इस दौरान प्रत्येक दिवस की तरह प्रशिक्षुओं व प्रशिक्षकों को दोपहर का लन्च उपलब्ध कराया गया। श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल, श्री डी0के0चन्द्र सिंह रावत ने भी आवश्यक सहयोग किया।

डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता
नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
डॉ0 अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)